प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 01.02.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आज पेश किया वित्त वर्ष–2026–27 का केन्द्रीय बजट : कहा– क्षमता निर्माण और सुधारों पर दिया गया है जोर।
2. बजट में दिल्ली–वाराणसी और वाराणसी–सिलीगुड़ी समेत देश के 7 हाई–स्पीड रेल कॉरिडोर के निर्माण का ऐलान : काशी में जहाज मरम्मत सुविधा स्थापित करने का प्रस्ताव।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय बजट को सराहा : कहा– विकसित भारत के संकल्प को साकार करेगा बजट।

और

4. माघी पूर्णिमा पर प्रदेश भर की नदियों में स्नान के लिये उमड़े भक्त : प्रयागराज माघ मेले में आज 2 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में लगाई आस्था की डुबकी।

———————

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आज लोकसभा में वित्त वर्ष–2026–27 का बजट पेश किया। वित्त मंत्री ने इसे युवा शक्ति संचालित बजट बताया। उन्होंने कहा कि बजट में तीन कर्तव्यों पर जोर दिया गया है, जिनमें अस्थिर वैश्विक परिदृश्य में सुदृढ़ता बनाए रखकर आर्थिक विकास में तेजी लाना, आम लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करना और उनकी क्षमताओं का विकास करना और सबका

साथ सबका विकास सुनिश्चित करना है। पेश है एक रिपोर्ट.......

*आज पेश किए गए बजट में आत्मनिर्भर भारत को लक्ष्य मानकर लोक निवेश पर अधिक बल दिया गया है। वित्त मंत्री ने छह सेक्टर में नई पहल का प्रस्ताव किय है जिनमें रणनीतिक क्षेत्रों में विनिर्माण तेज करना, औद्योगिक क्षेत्रों का कायाकल्प करना, सूक्ष्म, लघु और मध्यम चैंपियन उद्यमों का निर्माण करना, बुनियादी ढांचे को सशक्त करना, दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा व स्थायित्व सुनिश्चित करना और शहर आर्थिक क्षेत्र विकसित करना शामिल हैं। बजट में प्रदेश के विकास को गति देने वाली कई अहम घोषणाएं की गई हैं। बजट में दिल्ली–वाराणसी और वाराणसी–सिलीगुड़ी समेत देश के 7 हाई–स्पीड रेल कॉरिडोर के निर्माण का ऐलान किया गया। साथ ही वाराणसी और पटना में जहाज मरम्मत सुविधा स्थापित करने की घोषणा की गई है, जिससे अंतर्देशीय जल परिवहन को मजबूती मिलेगी। वित्त मंत्री ने सारनाथ समेत देश के 15 पुरातात्विक स्थलों को जीवंत और सांस्कृतिक गंतव्य के रूप में विकसित करने का भी प्रस्ताव रखा है। समाचार कक्ष से ओम अवस्थी।*

वित्तमंत्री ने बजट में भारत को एक वैश्विक जैव–औषध विनिर्माण केन्द्र के रूप में विकसित करने के लिए अगले पांच वर्ष में दस हजार करोड़ रुपये के खर्च के साथ इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन के दूसरे चरण को शुरू करने का प्रस्ताव भी किया। बजट में आयकर में कोई बदलाव नहीं किया गया है। हालांकि संशोधित या देर से रिटर्न दाखिल करने का समय 31 मार्च तक कर दिया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि नया आयकर अधिनियम– 2025, इस वर्ष अप्रैल से प्रभावी होगा। उन्होंने कहा कि सरलीकृत आयकर नियम और फॉर्म के बारे में जल्द ही सूचना दी

जाएगी। आइए जानते हैं बजट में शामिल अन्य महत्वपूर्ण फैसले क्या हैं।..............

*बजट 2026–27 में खादी, हथकरघा और हस्तशिल्प को मज़बूत करने के लिए महात्मा गांधी ग्राम स्वराज पहल शुरू करने का प्रस्ताव है। इसके अलावा विकसित भारत के लिए बैंकिंग क्षेत्र की समीक्षा के लिए बैंकिंग पर एक उच्च स्तरीय समिति गठित करने का भी निर्णय लिया गया है। कैंसर रोगियों के लिए आवश्यक 17 दवाओं और औषधियों पर मूल सीमा शुल्क में छूट के साथ तीन नए अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान स्थापित करने की भी घोषणा की गईहै। सरकार ने खेलों को बढावा देने के लिए खेलो इंडिया मिशन शुरू करने का भी प्रस्ताव किया है। वित्त मंत्री ने बजट में एमएसएमई को समर्थन देने के लिए आत्मनिर्भरता भारत कोष में 4 हज़ार करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि का प्रस्ताव रखा। हर ज़िले में बालिका*

वित्तमंत्री ने बजट प्रस्तुत करने के बाद संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार कुल 12 लाख बीस हजार करोड़ रुपए पूंजीगत व्यय के रूप में आवंटित किए गए हैं, जो कुल सकल घरेलू उत्पाद का चार दशमलव चार प्रतिशत है। यह पिछले 10 वर्षो का सर्वाधिक आवंटन है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य ढांचागत सुधारों और आर्थिक विकास को और बल प्रदान करना है। वित्तमंत्री ने कहा कि वर्ष 2026–27 में राजकोषीय घाटा कुल सकल घरेलू उत्पाद का चार दशमलव तीन प्रतिशत रहने का उम्मीद है, जो मौजूदा वित्तीय वर्ष के लिए अनुमानित चार दशमलव चार प्रतिशत से कम है।

——————————

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ये बजट देश के हित में है और इससे देश के विकास को नई ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस बजट में युवाओं के लिए कई प्रावधान किए गए हैं। बाइट......**

*यह युवा शक्ति बजट है। उसमें युवा की सोच भी है, युवा के सपने भी है, युवा का संकल्प भी है और साथ–साथ युवा की गति भी है। बजट में जो प्रावधान किए गए हैं, उससे अलग–अलग सेक्टर्स में लीडर्स, इनोवेटर्स और क्रिएटर्स तैयार होंगे।*

**केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि बजट में इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर विनिर्माण सहित विनिर्माण क्षेत्र की ओर विशेष जोर दिया गया है। बाइट......**

*आज के बजट में देश के सर्वांगीण विकास के लिए और विकसित भारत के लिए मजबूत नींव बनाने का काम किया बजट में मैन्यूफैक्चरिंग पर बहुत बड़ा फॉक्स दिया गया है। इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग को सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग हो और आईटीसर्विसेज के लिए बहुत सिग्निफिकेंट सिंपलीफिकेशन किया गया है सेफ हरबर्ट और फास्टट्रैक एपीए के प्रोविजंस स्लैब के लिए। आने वाले समय में डाटा सेंटर्स बहुत बड़ीएक ताकत बनेंगे देश की।*

**राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने केंद्रीय बजट 2026–27 का स्वागत करते हुए कहा कि यह बजट आत्मनिर्भर भारत के संकल्प का सशक्त घोषणापत्र है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय बजट को विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला, दूरदर्शी, सर्वसमावेशी और विकासोन्मुखी करार दिया है। बाइट.....**

*जो बजट प्रस्तुत किया गया है, यह आम नागरिक के जीवन को सहज और सरल बनाने में मदद करेगा। भारत की अर्थव्यवस्था को तेजी के साथ*

*आगे बढ़ाने में यह बजट मददगार साबित होगा। युवाओं के लिए, महिलाओं के लिए, अन्नदाता किसानों के लिए, उद्यमियों के लिए, आम नागरिक के लिए भी यह नए अवसर को प्रदान करने वाला बजट है। मैं बजट के प्रावधानों का स्वागत करता हूं।*

——————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

डुमरियागंज से सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि केंद्रीय बजट देश की आधारभूत संरचना को मजबूत करेगा और समाज के सभी वर्गों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने में कारगर साबित होगा।

प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में लोगों ने बजट का स्वागत किया। उद्यमी आर.के चौधरी ने कहा यह बजट वाराणसी के साथ पूरे पूर्वांचल के विकास को गति देगा। बाइट.......

*निश्चित रूप से आज यहां बनारस में टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा, इंडस्ट्री आएंगी, आज एंप्लॉयमेंट बनेगा, आज यह पूर्वांचल अपने आप में एक मानव संसाधन का बड़ा केंद्र है। जो लोग बाहर जाते हैं, अब उनको जाना*

*नहीं पड़ेगा, यहां उद्योग लगेंगे। जो रेल कॉरिडोर बन रहा है, यह सब औद्योगिक विकास के देवता हैं। आज औद्योगिक विकास के लिए प्रमुख रूप से इन सब चीजों की आवश्यकता थी।*

**जौनपुर के पूर्वांचल विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के प्रोफेसर विवेक मिश्रा ने कहा कि बजट में शिक्षा, शोध, डिजिटल अर्थव्यवस्था और रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिससे युवाओं को नई संभावनाएं मिलेंगी। बाइट.....**

*यह वर्तमान पीढ़ी और भावी पीढ़ी की दीर्घकालीन आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया एक संतुलित बजट है। इसमें कृषि, निवेश, निर्यात, एमएसएमई सुधारों को विकास का इंजन माना गया है। सबका साथ, सबका विकास और विकसित भारत के संकल्प को इसमें देखा जा सकता है जिसके लिए सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। इसमें राजकोषीय अनुशासन को भी ठीक ढंग से प्रबंधित किया गया है। यह भी स्वागत योग्य है।*

**महिलाओं ने भी इस बजट का स्वागत किया है। आगरा की डॉ0 निधि शर्मा ने इस बजट को ग्रामीण महिलाओं के लाभदायक बताया। उन्होंने कहा कि बजट में ग्रामीण महिलाओं को व्यापार से जोड़ने के लिए शी मार्ट खोले जाने की बात कही गई है इससे ग्रामीण महिलाएं सशक्त होंगी। बाइट......**

*बजट बहुत ही अच्छा है, इसमें महिलाओं के लिए, खिलाड़ियों के लिए, किसानों के लिए, सभी के लिए बहुत अच्छा बजट है युवाओं के लिए। इसमें खास तौर पर महिलाओं के लिए जो गांव की महिलाएं हैं, उनके लिए उन्होंने सबसे अच्छी चीज जो इस बजट में है, वह है सीमार्क्स।*

————————————

माघी पूर्णिमा के अवसर पर प्रदेश भर की सभी प्रमुख नदियों में भक्त स्नान कर पूजा अर्चना कर रहे हैं। प्रयागराज माघ मेले में पवित्र माघी पूर्णिमा के अवसर पर आज 2 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने आस्था की ड़बकी लगाई। श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए प्रशासन ने खास इंतज़ाम किए हैं। मेला अधिकारी ऋषिराज ने बताया कि आज से कल्पवासियों के लौटने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। इसको देखते हुए यातायात प्रबंधन के साथ ही आकस्मिक सुविधाओं का भी  अलर्ट मोड पर रखा गया है।

(समाप्त)